Bhagirathi bal shiksha sadan

# CLASS-6 AND 7
# CHAPTERS 1-
# भाषा ,लिपि और व्याकरण

भाषा क्या होती है :-
हमारे भावों और विचारों की अभिव्यक्ति के लिए रूढ़ अर्थों में जो ध्वनि संकेतों की व्यवस्था प्रयोग में लायी जाती है उसे भाषा कहते हैं। अथार्त जब हम अपने विचारों को लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं और दूसरों के विचारों को सुनकर या पढकर ग्रहण करते हैं उसे भाषा कहते हैं।

मनुष्य एक समाज में रहने वाला प्राणी है। वह अपने विचारों , भावनाओं को बोलकर ही व्यक्त करता है। भाषा को ध्वनि संकेतों की व्यवस्था माना जाता है। यह मनुष्य के मुंह से निकली हुई अभिव्यक्ति होती है | इसे विचारों के आदान प्रदान का एक आसान साधन माना जाता हैं | इसके शब्द प्राय: रूढ़ होते हैं।



Scanned with CamScanner




भाषा के भेद:-
1. लिखित भाषा
2. मौखिक भाषा

1. लिखित भाषा क्या होती है:-
जब हम दूर बैठे किसी व्यक्ति से अपनी बातें लिखकर व्यक्त करते हैं तो उसे लिखित भाषा कहते हैं। यह भाषा का स्थायी रूप होता है। ये लिपि पर आधारित होती हैं। इससे अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सकता है।



2. मौखिक भाषा क्या होती है:-
जब हम अपने विचारों को बोलकर या सुनकर व्यक्त करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं इसमें दो व्यक्तियों के बीच में बात हो रही हो और तीसरा भाषण से अपने विचारों को बताये तब मौखिक भाषा का ही प्रयोग होता है। मौखिक भाषा का सबसे अधिक प्रयोग नाटकों में होता है।

Scanned with CamScanner



भाषा के भेद:-
1. मातृभाषा
2. राजभाषा
3. राष्ट्रभाषा
4. मानक भाषा

1. मातृभाषा क्या होती है:-
जिस भाषा को बालक बचपन में अपनी माँ से सीखता है उसे मातृभाषा कहते हैं।

2. राजभाषा क्या होती है:–
जब किसी देश में सरकारी काम में भाषा का प्रयोग होता है उसे राजभाषा कहते हैं अंग्रेजी हमारी सह राजभाषा है।

3. राष्ट्रभाषा क्या होती है:-
भारत में अनेक भाषाएँ बोली, पढ़ी, लिखी, सुनी जाती हैं। सब प्रदेशों की अपनी अलग भाषा होती है। भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को स्वीकार किया है – संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, असमिया, पंजाबी, नेपाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती, बांग्ला, उड़िया, कश्मीरी, कोंकणी, मणिपुर, मराठी, मलयालम, मैथिलि, डोंगरी, बोडो,

Scanned with CamScanner



. मानक भाषा क्या होती है:- मानक हिंदी हिंदी भाषा का ही मानक रूप होता है इसे शिक्षा, कार्यालयीन कामों में प्रयोग किया जाता है। हम जानते हैं की भाषा का क्षेत्र काल और पात्र की दृष्टि से व्यापक होता है। सभी भाषाओं के विविध रूप को मानक कहते हैं।

भाषा और बोली क्या होती है :-

छोटे भूभाग में बोली जाने वाली भाषा को बोली कहते हैं। बोली को भाषा का प्रारंभिक रूप माना जाता है बोली भाषा का स्थानीय रूप होती है। हम जानते हैं कि हर दस किलोमीटर के बाद बोली बदल जाती है। बोली पहले तो उपभाषा बनती है फिर भाषा में बदलती है। भाषा व्याकरणिक नियमों से बंधी होती है लेकिन बोली स्वतंत्र होती है।

Scanned with CamScanner

बोली को लिख नहीं सकते इसलिए इसका साहित्य मौखिक होता है लेकिन भाषा को लिखा जा सकता है इसलिए इसका साहित्य लिखित होता है। जब कोई बोली विकसित होती है तो वह साहित्य की भाषा का रूप ले लेती है। हम जानते हैं कि जब कोई भाषा परिनिष्ठित होकर साहित्य की भाषा के पद पर आसीन हो जाती है तो उसकी लोकभाषा की उपस्थिति जरूरी होती है।

जैसे :- पूर्वी उत्तर प्रदेश की बोली अवधी है, बिहार की भोजपुरी और मैथिलि, हरियाणा में हरियाणवी और बांगड़ू, राजस्थान में राजस्थानी, मारवाड़ी और गुजराती बोली बोली जाती है।



Scanned with CamScanner

व्याकरण के अंग:-
1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. पद विचार
4. वाक्य विचार

1. वर्ण विचार:- इस विचार में वर्णों के उच्चारण, रूप, आकार, भेद, वर्णों को मिलाने की विधि, लिखने की विधि बताई जाती है।

2. शब्द विचार:- इस विचार में शब्दों के भेद, व्युत्पत्ति, रचना, रूप, प्रयोगों, उत्पत्ति आदि का अध्ययन करवाया जाता है।

3. पद विचार:- इस विचार में पद का तथा पद के भेदों का वर्णन किया जाता है।

4. वाक्य विचार:- इस विचार में वाक्यों की रचना, उनके भेद, वाक्य बनाने, वाक्यों को अलग करने, विराम चिन्हों, पद परिचय, वाक्य निर्माण, गठन, प्रयोग, उनके प्रकार आदि का अध्ययन करवाया जाता है।

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) भाषा किसे कहते हैं?

(ख) मौखिक व लिखित भाषा में क्या अंतर है?

(ग) लिपि किसे कहते हैं?

(घ) भाषा व बोली में अंतर लिखिए।

(ङ) साहित्य किसे कहते हैं? इसके कितने प्रकार होते हैं?

Scanned with CamScanner

3. **उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

(क) भारतीय संविधान में केवल .................... भाषाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। (असीमित/बाईस)

(ख) मारवाड़ी .................... है। (बोली/भाषा)

(ग) बोली का क्षेत्र .................... होता है। (असीमित/सीमित)

(घ) बच्चा .................... को परिवार से सीखता है। (राजभाषा/राष्ट्रभाषा/मातृभाषा)

(ङ) लिखने के ढंग को .................... कहते हैं। (मानक/लिपि)

(च) भाषा-विद्वानों द्वारा स्वीकृत भाषा का रूप .................... कहलाता है। (व्याकरण/मानक भाषा)

4. **दिए गए शब्दों के मानक रूप लिखिए -**

(क) प्रबुद्ध .................... (ख) जव्याल .................... (ग) मन्दिर ....................

(घ) सम्बन्ध .................... (ङ) दण्डवत .................... (च)रुपये ....................

(छ) पृथक् .................... (ज) शक्तिवर्द्धक .................... (झ) चिह्न ....................

5. **निम्न भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए -**

(क) संस्कृत .................... (ख) हिंदी .................... (ग) उर्दू ....................

(घ) जर्मन .................... (ङ) पंजाबी .................... (च) नेपाली ....................

(छ)रूसी .................... (ज) अँग्रेज़ी ....................

6. **सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(क) यातायात का सिपाही बूथ से हाथों द्वारा ट्रैफ़िक रुकने का संकेत दे रहा है।

(i) मौखिक भाषा ☐ (ii) सांकेतिक भाषा ☐ (iii) लिखित भाषा ☐

(ख) शिक्षिका जी कक्षा में कविता सुना रही हैं।

(i) मौखिक भाषा ☐ (ii) लिखित भाषा ☐ (iii) सांकेतिक भाषा ☐

(ग) प्रभा एसएमएस कर रही है।

(i) मौखिक भाषा ☐ (ii) लिखित भाषा ☐ (iii) सांकेतिक भाषा ☐

(घ) गौरव फ़ोन पर बात कर रहा है।

(i) लिखित भाषा ☐ (ii) मौखिक भाषा ☐ (iii) सांकेतिक भाषा ☐

(ङ) नेता जी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

(i) लिखित भाषा ☐ (ii) मौखिक भाषा ☐ (iii) सांकेतिक भाषा ☐

Scanned with CamScanner